**खबर संक्षेप**

### लोधी प्रतिभा सम्मान एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन कल

**मण्डला।** लोधी प्रतिभा सम्मान एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन 30 नवंबर को बम्हनीबंजर में आयोजित होगा। यह आयोजन चक्रवर्ती मैरिज गार्डन सतबहिनी माता मंदिर के पास सुबह 11 बजे से शुरू होगा। समाज की एकता और युवा मार्गदर्शन के उद्देश्य से आयोजित इस सम्मेलन में कक्षा 10वीं और 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान किया जाएगा। प्रमुख अतिथियों में लोकेश लिल्हारे जीएसटी कमिश्नर जबलपुर, अनंत लाल दमाहे राष्ट्रीय अध्यक्ष अलोक दिल्ली, आचार्य हरिगोंविद महाराज राष्ट्रीय कथा वाचक वृंदावन मथुरा, ज्योति लिल्हारे डिप्टी कलेक्टर कटनी, साध्वी राधिका पटेल डायरेक्टर अपराजिता आईएएस एकेडमी दिल्ली, सरोज कुमार गिरिया प्रदेश अध्यक्ष आलोक संघ पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में मुख्य अभियंता शामिल होंगे। जिला अध्यक्ष आलोक राजेश कुमार लोधी, जिला लोधी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष कन्हैया ठाकुर सहित आयोजन समिति ने समाज के सभी सदस्यों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### बाल विवाह के रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**मण्डला।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनी बंजर में बाल विवाह के रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम एवं शपथ अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशासक वन स्टॉप सेंटर सुश्री प्रेरणा मर्सकोले के द्वारा टोल फ्री नंबर 181, 1098, दूरभाष नंबर 07642-252699, जिला स्तर में संचालित कंट्रोल की जानकारी दी गई। साथ ही स्कूल के छात्र-छात्राओं को बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ पत्र भरवाकर शपथ भी दिलाया गया।

### अधिवक्ता अनिल बड़ोनिया की माताश्री का निधन



**मण्डला।** वरिष्ठ अधिवक्ता एवं नर्मदा भक्त अनिल कुमार बड़ोनिया की माताश्री का कल शाम स्वर्गवास हो गया। स्वर्गीय श्री विष्णु कुमार जी बडोनिया की धर्मपत्नी अजय, अरुण, अनिल की माता श्रीमती सरोज बडोनिया का कल शाम 4:00 बजे देवलोक गमन हो गया है उनकी अंतिम यात्रा खैरी मुक्तिधाम के लिए आज दिनांक 29/11/25 को दोपहर 3.00 बजे निज निवास से खैरी मुक्तिधाम जायेगी।

## एसआईआर मतदाता पुनरीक्षण को लेकर विशेष समीक्षा बैठक

# प्रशासन के साथ समन्वय बनायें

*** जिला भाजपा कार्यालय में हुआ आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर शुक्रवार एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। भाजपा प्रदेश संगठन की मंशानुसार व जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के निर्देशन में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत भारत माता तथा पार्टी के प्रेरणास्त्रोत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण से की गई। तत्पश्चात वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डिंडोरी अवधराज बिलैया का शॉल, श्रीफल व पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। बैठक में जिले के प्रभारी के रूप में अवधराज बिलैया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, पूर्व विधायक देव सिंह सैयाम, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य संजय कुशराम, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय आनंद मरावी, रामप्यारे कुलस्ते सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता अवधराज बिलैया ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पार्टी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने कहा कि "मैं यहां मार्गदर्शक के रूप में नहीं, सहयोगी कार्यकर्ता के रूप में आया हूं"। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा ही संकल्प है और संकल्प का कोई विकल्प नहीं"।

बिलैया ने फर्जी मतदाताओं को लेकर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए और कहा कि हर कार्यकर्ता बूथ स्तर तक जाकर जानकारी जुटाए कि किसका नाम हट गया है, किसका जोड़ना आवश्यक है और कहीं बीएलओ की ओर से गलत नाम तो नहीं जुड़ रहे हैं।

वहीं जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने मंडला जिले में अब तक हुए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि मंडला विधानसभा में लगभग 88 प्रतिशत, बिछिया में 98 प्रतिशत और निवास विधानसभा में 94 प्रतिशत (एसआईआर) कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उन्होंने बेहतर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने की घोषणा भी की।

उन्होंने कहा कि जैसे चुनाव के समय कार्यकर्ता पूरी मेहनत करते हैं, उसी तरह इस अभियान में भी समर्पित होकर कार्य करें। प्रशासन के साथ सामंजस्य बनाते हुए हर योग्य मतदाता का नाम सूची में जुड़े यह सुनिश्चित किया जाए।



बैठक के दौरान जिला पंचायत सदस्य संजय कुशराम ने बंगाल का उदाहरण देते हुए सतर्कता बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि "मतदाता सूची लोकतंत्र की रीढ़ है। यदि मतदाता सूची ही सही नहीं होगी तो जनादेश कैसे सही आएगा?" उन्होंने पश्चिम बंगाल का उदाहरण देते हुए कहा कि "वहां फर्जी मतदाताओं के कारण लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रभावित होती रही है, इसलिए हमें समय रहते सतर्क रहकर ऐसा होने से रोकना होगा।" उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि एक-एक बूथ को मजबूत करते हुए हर पात्र व्यक्ति का नाम सूची में जोड़ा जाए ताकि लोकतांत्रिक अधिकार पर कोई अंकुश न लगे।

पूर्व विधायक देव सिंह सैयाम ने प्रवास पर जाने वाले मतदाताओं की चिंता जताते हुए इनके नाम सुनिश्चित रूप से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि "ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में युवा रोजगार, शिक्षा व कामकाज के लिए बाहर पलायन कर रहे हैं। ऐसे कई पात्र मतदाताओं के नाम सूची से छूट जाते हैं।" उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि ऐसे प्रवासी मतदाताओं की पूरी जानकारी जुटाकर उनके नाम को मतदाता सूची में सुनिश्चित रूप से जोड़ा जाए, ताकि कोई भी मतदाता अपने मतदान के अधिकार से वंचित न हो। उन्होंने कहा कि "हमारा लक्ष्य सिर्फ संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि वास्तविक और पात्र मतदाता तक लोकतंत्र को पहुँचाना है।

मंच का संचालन जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं(एसआईआर) प्रभारी जयदत्त झा ने किया तथा आभार नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने व्यक्त किया। बैठक में जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य, मंडल अध्यक्ष,महामंत्री, मोर्चा प्रकोष्ठों के अध्यक्ष व संयोजक, (एसआईआर) प्रभारी, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य, जनपद व नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत शासकीय सेवकों का सम्मान और पीपीओ वितरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह ने माह अक्टूबर में अलग-अलग कार्यालयों से सेवानिवृत्त हुए शासकीय कर्मचारियों का सम्मान और पीपीओ वितरण किया। अपर कलेक्टर ने पीपीओ वितरण के साथ सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारियों को उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी अखिलेश नेटी, जिला पेंशन अधिकारी अविनाश नागले सहित सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित थे। अपर कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा जिन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पीपीओ वितरण किए गए हैं उनमें कलेक्टर कार्यालय मंडला महेन्द्र कुमार उरकड़े एवं कैलाश सिंह ठाकुर, बीईओ कार्यालय मंडला से शरद साठे एवं श्रीमती संध्या गुप्ता, बीईओ मवई से भगत सिंह धुर्वे, बीईओ मोहगाँव से श्रीमती अनिता शुक्ला, बीईओ घुघरी से श्रीमती खेमलता तेकाम एवं मोहम्मद लतीफ खान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मंडला से श्रीमती बुद्धा बाई तेकाम, महिला एवं बाल विकास अधिकारी मंडला प्रीतम लाल पुष्कर एवं श्रीमती संध्या बाजपेयी, रजिस्ट्रार मंडला पुरूषोत्तम प्रसाद तिवारी तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंडला से अभय कुमार जोशी शामिल हैं।




### नायब तहसीलदार ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**मण्डला।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य लगातार जारी है। इसी क्रम में नायब तहसीलदार चिरईडोंगरी सुश्री पूजा राणा ने शुक्रवार को जामगांव, पालासुंदर, धमनगांव, चिरईडोंगरी, सालीवाड़ा और मलधा सहित कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

# जुआ फड़ पर छापा, सात आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को अवैध गतिविधियों पर त्वरित और प्रभावी कार्यवाही करने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में, दिनांक 27/11/2025 को थाना नैनपुर प्रभारी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बीजेगांव में तेजलाल उइके के घर के पास जुआ फड़ संचालित हो रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला शिवकुमार वर्मा एवं एसडीओपी नैनपुर मनीष राज के मार्गदर्शन पर थाना नैनपुर एवं चौकी पिंडरई की दो विशेष टीमों का गठन किया गया।

देर रात किए गए छापे में तेजलाल उइके के घर के हॉल में 07 आरोपियों को हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए रंगेहाथ पकड़ा गया। आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जुआ खिलाने वाले मुख्य आरोपी धर्मेन्द्र सिंह राजपूत एवं सोनू ढीमर द्वारा लगातार स्थान बदलकर जुआ खिलवाया जाना पाया गया, जिनकी तलाश जारी है।

#### जुआरी / गिरफ्तार आरोपी

1. संतोष पिता श्यामसिंह गोमास्ता, निवासी जलतरा, 2. बलराम पिता गोविंद गोमास्ता, निवासी जलतरा, 3. तेजलाल पिता सम्मालाल उइके, निवासी मुलाकछार बीजेगांव, 4. धर्मेन्द्र सिंह पिता मोती सिंह राजपूत, निवासी वार्ड 12 पिंडरई, 5. नितेश पिता शिवकुमार अवधवाल, निवासी पिंडरई, 6. झामसिंह पिता भीकम चौधरी, निवासी सरई, जिला सिवनी, 7. राकेश चौबे पिता मैदनी चौबे तिंदुआ केवलारी जिला सिवनी।

#### जप्त सामान

नगदी 43,170, 52 ताश के पत्ते, 06 एंड्रॉयड मोबाइल, 03 मोटर साइकिल, 01 टवेरा वाहन, (कुल जप्त मशरूका— 8,19,170)

#### फरार आरोपी

सोनू ढीमर (निवासी पिंडरई), राजकुमार तिवारी (जलतरा), गोलू खान (नैनपुर) जिनकी तलाश ज़ारी है।

#### पुलिस टीम

निरीक्षक बलदेव सिंह मुजाल्दा, उनि राजकुमार हिरकने, सउनि यशवंत रांहगडाले, सउनि मनोरंजन नगपुरे, प्रआर चन्द्रकुमार वरकडे, म.आर. स्नेहलता,म.आर. स्नेहलता मर्सकोले, मर्सकोले, आरक्षक देवी सिंह,रंजीत उडाली, संजू भालेकर, नन्दकिशोर वरकडे, सुन्दर तेकाम, रंजीत मरठे, सुरेश भटेरे एवं सूर्यचंद बघेल।

## सनातन वैदिक संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



काशी विश्वनाथ वैदिक गुरुकुल जिलहरी घाट मंडला के द्वारा के द्वारा सनातन वैदिक संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025 का आयोजन किया जा रहा है मंडला जिले के नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में इस तरह के परीक्षा आयोजित की जा रही है सनातन वैदिक संस्कृति ज्ञान परीक्षा में जिले से कुल 404 विद्यार्थियों ने भाग लिया दिनांक 28 नवंबर 2025 को परीक्षा संपन्न हुई परीक्षा परिणाम पुरस्कार वितरण एवं प्रतिभा सम्मान 7 दिसम्बर 2025 दिन रविवार को होगा यह आयोजन काशी विश्वनाथ वैदिक गुरुकुल गयाजीपुर जिलहरीघाट मंडला में किया जायेगा गुरूकुल के आचार्य एवं परीक्षा आयोजन समिति के द्वारा सभी विद्यार्थी उनके अभिभावक, विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगणों को सादर आमंत्रित किया जा रहा है कार्यक्रम का समय दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक रहेगा। आयोजन के दौरान स्वेटर वितरण एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा।



**अभियान**

## शहर में कानून एवं यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने पुलिस का विशेष अभियान।

# बस स्टैंड क्षेत्र में अस्थाई पुलिस की व्यवस्था





*** 20 बिना नंबर प्लेट वाहन पर कार्रवाई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक मंडला श्री रजत सकलेचा के नेतृत्व में गुरूवार को एसडीओपी मंडला श्री पीयूष मिश्रा, यातायात प्रभारी श्री ललित धुर्वे एवं थाना कोतवाली पुलिस बल द्वारा शहर में एक व्यापक विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान मुख्य रूप से उन क्षेत्रों में केंद्रित था जहाँ यातायात दबाव अधिक रहता है। जैसे रेडक्रॉस चौराहा, चौपाटी क्षेत्र, चिलमन चौक, बस स्टैंड परिसर एवं अन्य सार्वजनिक स्थल।

अभियान के दौरान पुलिस टीम ने बिना नंबर प्लेट, बिना वैध दस्तावेज के चल रहे वाहनों, मॉडिफाई नंबर प्लेट, मॉडिफाई साइलेंसर, रॉन्ग साइड चलते हुए, मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को समझाइश देते हुए 20 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। इसके साथ ही अपने सामने वाहनों में नियमानुसार नंबर प्लेट लगवाई गई। साथ ही दुकानों के सामने अनियमित पार्किंग कर मार्ग अवरुद्ध करने वाले वाहन चालकों को भी कड़ी समझाइश दी गई।

पुलिस टीम द्वारा शहर के संवेदनशील स्थानों पर शराब बिक्री, सट्टा-जुआ एवं अन्य अवैध गतिविधियों की आशंका वाले इलाकों का निरीक्षण किया गया। बस स्टैंड क्षेत्र में बढ़ती भीड़ और यातायात समस्याओं को देखते हुए वहाँ अस्थाई पुलिस व्यवस्था स्थापित करने तथा रात्रिकालीन पेट्रोलिंग बढ़ाने का निर्णय लिया गया। दो पुलिसकर्मियों की विशेष तैनाती भी बस स्टैंड क्षेत्र में की गई है।

## सीईओ जिला पंचायत ने किया घुघरा, पटपरा रैयत और खड़देवरा का निरीक्षण

*** नर्मदा परिक्रमा आश्रय स्थल की व्यवस्थाओं का लिया जायजा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना ने गुरुवार को जिले की ग्राम घुघरा, पटपरा रैयत और खड़देवरा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नर्मदा परिक्रमा आश्रय स्थल की वर्तमान व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री मीना ने ग्राम पंचायत घुघरा, पटपरा रैयत और खड़देवरा में स्थापित नर्मदा परिक्रमा आश्रय स्थल के पौधारोपण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को पौधों की प्रजाति का चयन करते समय स्थानीय जलवायु और उपयोगिता को ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पौधों के लिए पानी की व्यवस्था के संबंध में विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किए।



सीईओ जिला पंचायत श्री मीना ने मुक्तिधाम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मुक्तिधाम को न केवल व्यवस्थित किया जाए, बल्कि उसके सौंदर्यीकरण का कार्य भी प्राथमिकता से कराया जाए। निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री आदित्य पांडे, स्थानीय सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा मंत्री उदय प्रताप आज शामिल होगे यूनिटी मार्च में



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** क्षेत्र के विधायक व मध्यप्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री क्षेत्रीय विधायक उदय प्रताप सिंह आज 29 नवंबर शनिवार को गाडरवारा एवं आसपास के क्षेत्रों के प्रवास पर रहेंगे। जिसके चलते आज उनके दौरे के दौरान कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। कार्ग्रमां में मुख्य रूप से जन-जागरूकता से जुड़े आयोजन और सामाजिक कार्यक्रम शामिल है। जानकारी के अनुसार केबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह का आज सुबह 11बजे सेवा सदन, लक्ष्मी टाउनशिप आगमन होगा । यहां वे कुछ समय आरक्षित रख आमजनों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेगे । इसके बाद दोपहर 1 बजे ग्राम बम्होरी कला से सोकलपुर तक आयोजित यूनिटी मार्च जन जागरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम सामाजिक एकता, शांति और जन-जागरूकता को समर्पित है। वही शाम 5 बजे करेली में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होंने के उपरांत शाम 6 बजे भोपाल के लिए रवाना होंगे।

### डम्पर की टक्कर से पहुंची चोट



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** क्षेत्र की सड़को पर धमाचौकड़ी मचाने वाले डम्फरों की गति पर अंकुश नही लगने का परिणाम है कि आये दिन सड़क दुर्घटनाये सामने आते हुये देखी जा रही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस नगर के वायपास मार्ग पर देखने मिली है जहां पर एक तेज गति से भाग रहे डम्फर चालक द्वारा युवक को टक्कर मारते हुये घायल कर दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नगर के इंद्रा कालोनी निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरी मौसी के लड़का सुशील कौरव भौरझिर का एक्सीडेन्ट हो गया है। सूचना मिलते ही प्रार्थी तुरंत मौके पर पहुंचा तो देखा कि सुशील कौरव रोड किनारे पड़ा हुआ था। वही मौजूद लोगों द्वारा बताया कि डम्फर क्रमांक MP07ZT4244 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक डम्फर चलाते हुये टक्कर मारकर चोट पहुंचाई है। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी डम्फर चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच मे लिया गया है।

### मनीष की मौत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**गाडरवारा।** समीपस्थ ग्राम बोहानी पुराने हाई स्कूल के पास बीते हुये 15 नवम्बर को लोगों द्वारा एक युवक की लाश देखी गई तो संपूर्ण क्षेत्र में सनसनी का महौल निर्मित होने के साथ जहां मृतक के शव की पहचान ग्राम बोहानी ही निवासी मनीष पिता स्व विनय शर्मा उम्र 38 साल के रूप में की गई थी। वही दूसरी ओर मनीष शर्मा की लाश मुख्य मार्ग से हटकर स्कूल बाउन्ड्री बाल के उस पार पाये जाने पर पाये जाने तथा मृतक के शरीर पर दिखाई दे रहे चोटों के निशान के चलते अनेक प्रकार की चर्चाओं का बाजार गर्म होने से नही चूक पा रहा था। वही घटना को लेकर पुलिस द्वारा मर्ग कायम करते हुये मामले को जांच में लिया गया था। मर्ग जांच के बाद पुलिस द्वारा इस मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ इस बात को लेकर मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है कि मनीष शर्मा की मौत किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से आई हुई चोंटों के चलते हुई है। वही पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन चालक की खोजबीन करने में जुटी हुई है।

### शहर से लेकर गांव गांव में आज भी घूमते हुये दिखाई दे रहीं हूटर लगी गाड़िया

# नौ माह पहले पुलिस मुख्यालय से जारी आदेश साबित हुआ मात्र औपचारिकता




हरिभूमि
शहर से लेकर गांव गांव घूम रही पुलिस का सायरन बजाते हुये प्रभावशाली लोगों की निजी गाड़ियां





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** अक्सर देखा जाता है कि लोगों द्वारा अपना रूतबा दिखाने के लिये जिस तरह अपने वाहनों में हूटर सहित पुलिस सायरन लगाते हुये सड़को पर इस तरह घूमते हुये नजर आते है जिसके चलते आम लोगों को परेशानियों का सामना करते हुये देखा जाता है। जबकि इस तरह वाहनों में हूटर हो या फिर पुलिस सायरन सहित उनमें पद से संबंधित प्लेट लगाने का उपयोग सिर्फ चिन्हित लोगों के पास होता है। मगर इस समय सच्चाई इस तरह से देखने मिल रही है कि लोग आमजन के बीच अपना रूतवा दिखाने के लिये अनेक नेताओं के साथ साथ छुट भैया नेताओं द्वारा धडल्ले से अपनी गाड़ियों में हूटर सहित पुलिस सायरन का उपयोग करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। हाल यह बना हुआ है कि जिसकी मर्जी होती है वह अपने वाहनों में नियमों को दर किनार करते हुये हूटर सहित पुलिस सायरन या फिर पद की प्लेट लगाकर घूमते हुये दिखाई देने से नही चूक रहा है। इस सच्चाई को हरिभूमि द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद भी स्थानीय स्तर पर अधिकारियों की चुप्पी सबाल खड़े करने से नही चूक रही थी। कुछ इसी प्रकार से हरिभूमि द्वारा अपने बीते हुये 1 मार्च 2025 के अंक में इस सच्चाई को प्रमुखता के साथ उजागर किया गया था। वही दूसरी ओर इस तरह हूटर व सायरन लगाने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिये पुलिस मुख्यालय द्वारा आदेश भी जारी किया गया था। इस आदेश को आज लगभग 9 माह का समय बीतने के बाद भी किसी तरह की कोई कार्यवाही होते हुये दिखाई नही पड़ी औश्र हाल यह बना हुआ है कि सड़क से गुजरने वाले हर दसवी गाड़ी में हूटर सहित पुलिस सायरन दिखाई देना आम बात हो चुकी है..? बताया जाता है कि इस तरह नियम विरूद्व उपयोग होने वाले हूटर व पुलिस सायरन को लेकर प्रदेश स्तर पर कार्यवाही को लेकर प्रदेश स्तर से बीते हुये 1 मार्च को विशेष आदेश जारी हुआ था। मगर उस आदेश को कही पालन होते हुये दिखाई न देना निश्चित तौर से जिम्मेदारों की भूमिका पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहा है। वही अनुमान लग रहा है कि शायद नौ माह पहले जारी आदेश रद्दी की टोकरी के हबाले हो चुका है..? लगभग 9 माह पहले प्रदेश स्तर से जारी हुये आदेश को लेकर बताया जाता है कि पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा बीते हुये 1 मार्च 2025 को जारी किये अपने आदेश में प्रदेश के समस्त जिला पुलिस अधीक्षको को निर्देष दिये गये है कि निजी वाहनों में हूटर, प्लेश लाईट, VIP स्टीकर एवं गलत नम्बर प्लेट का दुरूपयोग करने वाले वाहन चालको के खिलाफ कार्यवाही़ करे। आदेश में इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि लोगो द्वारा अपने मोटर व्हीक्ल एक्ट के प्रावधानों के विरूद्व निजी वाहनों में हूटर, वाहन के ऊपर प्लेश लाईट, वाहन पर VIP स्टीकर चस्पा करना एवं गलत नम्बर प्लेट के मामले कुछ समय से लगातार बढते हुये देखे जा रहे है। इस तरह के वाहनों के खिलाफ 1 मार्च से 15 मार्च 2025 तक यानि की 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाते हुये कार्यवाही की जावे। इस प्रकार से इस आदेश को जारी हुये आज जहां लगभग 9 माह का समय बीत चुका है। मगर अभी तक हमारे क्षेत्र में तो इस तरह की कार्यवाही होते हुये दिखाई नही देने से जहां वाहन मालिको से लेकर चालकों के हौसले इतने बुलंद नजर आ रहे है कि वह अपने वाहनों में खुलेआम हुटर से लेकर पुलिस सायरन यहां तक पुलिस वाहन व अधिकारियों के वाहनों में उपयोग होने वाली बत्ती का उपयोग करने में पीछे नही रह रहे है। इस तरह बीते हुये 1 मार्च को पुलिस मुख्यालय से जारी आदेश के बाद भी इस तरह के वाहनों पर कार्यवाही न होना ऐसा प्रतीत करने से नही चूक रहा है कि मानों जिला से लेकर तहसील स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों को प्रदेश से जारी होने वाले आदेश कोई महत्व ही नही रखते है..?

## अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही मात्र नाली निर्माण तक सीमित रहेगी या फिर प्रशासन द्वारा नगर को पूर्णरूप से अतिक्रमण मुक्त कराया जावेगा..?

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** वर्तमान में शहर के रेलवे स्टेशन क्षेत्र पलोटन गंज, राठी तिराहे, शासकीय शालाओं के इर्द गिर्द शुक्रवार बाजार, मंदिरो, मस्जिदो के सामने पसरे अतिक्रमण से जहां शहर को सौन्दर्यीकरण खतरे में पड़ गया है। वही शहर में चौतरफा हुए अतिक्रमण से राहगीरो, वाहन चालकों का सड़को से गुजरना दूभर होता जा रहा है। गौरतलब है कि नगर में इस समय नजूल, नपा.लोक निर्माण विभाग द्वारा अपनी बेश कीमती भूमि की परवाह न करने से अतिक्रमणकारियो के हौसले बुलन्द हो गए है, जिसके चलते सड़कों के किनारो, चौराहो के नजदीक शासकीय भूमि का दुरूपयोग करते हुए अतिक्रमणकारी ठेले रख रहे है । वही देखा जा रहा है कि नगर में जहां तहां खाली पड़ी शासकीय भूमि पर लोगों द्वारा खुलेआम कालोनियों का निर्माण किया जा रहा है? जिससे नगर का स्वरूप बिगाड़नें का प्रयास कर रहे है, इस बेजा हो रहे अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था तो चौपट हो ही रही है साथ ही शहर में जहां तहां जाम लगने, दुर्घटनाएँ होने के अंदेशा सदा बना रहता है। विदित हो कि शहर के प्रमुख बाजार में जहां अनेक व्यापारी आधी सड़क पर कब्जा जमा अपनी दुकानो का सामान प्रदार्शित करते है तथा झंडाचौक पर मनमर्जी से दुकानें लगाने से शाम के समय सड़को से निकलना मुश्किल हो जाता है। इसी तरह शैक्षणिक संस्थाओं के इर्द गिर्द अतिक्रमणो की बाढ़ आने से शालाओं में पहुँचने वाले बच्चों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। ज्ञातव्य है कि बैंकों, सब्जी बाजार, अनेक शासकीय कार्यालयो में वैसे भी पार्किंग व्यवस्था का अभाव है तो दूसरी ऊपर से नगर में अतिक्रमण की अमरबेल फैलती चले जाने से विकसित हो रहे नगर की ट्रेफिक व्यवस्था पंगु होती जा रही है। शहरवासियो का कहना है कि शहर में धड़ल्ले से चहुँओंर अतिक्रमण होने से गाडरवारा की पहचान मुश्किल भरे शहर के रूप में बनती जा रही है और बेतरतीब बसाहट, ठेले, ठिलियो का जाल फैलने से नगर की सुंदरता को ग्रहण लगने लगा है। जिसको लेकर बेबाक लहजे में कुछ लोगो का कहना है कि वास्तव में अतिक्रमण फैलाने की बीमारी राजनीतिक पहुँच वाले असरदारों की देन है..? इसलिए जब भी प्रशासन कोई अतिक्रमण विरोधी मुहिम शुरू करता है वे उसके सुर में सुर मिलाकर अपना अतिक्रमण हटाने की बजाय शासकीय भूमि पर टपारिया बनाकर रहने वालो व चाय पान का ठेला लगा अपनी जीविका चलाने वाले नौजवानो को बालि का बकरा बना देते है। क्योंकि नगर के शासकीय चिकित्सालय के पास की स्थिति तो इस तरह बनी हुई है कि अधिग्रमण कारियों द्वारा मुख्य सड़क के किनारे जिस तरह अतिक्रमण जमाया गया है उसके चलते आये दिन सड़क दुर्घटनाये होना आम बात बन चुकी है। बीते हुये शुक्रवार को जिस तरह नगर के शासकीय चिकित्सालय के सामने प्रशासन की अतिक्रमण विरोधी मुहिम दिखाई देने से लोगों में प्रसन्नता देखने मिली। मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि प्रशासन की यह मुहिम सिर्फ नाली निर्माण के लिये की जगह पर अतिक्रमण हटाने तक ही सीमित रहती है या फिर आम लोगों को भी राहत दिलाने की ओर अग्रसर होगी..?



## दुरसुरु से छींद धाम के लिये पैदल निकले भक्तों का जगह जगह हो रहा भव्य स्वागत



**हरिभूमि न्यूज/बारहाबड़ा।** मानव जीवन को संकटों से मुक्ति दिलाने वाले भगवान हनुमान जी की सच्चाई हमारे धर्म ग्रंथों में मौजूद है कि वह कलयुग काल में इस मानव लोक में मौजूद रहते हुये धर्म व आस्था का संचार करेगे। इसी के चलते लोगों द्वारा संकट मोचन हनुमान जी के प्रति लोगों को जिस तरह आस्था के संगम में गोते हुये लगाते देखा जाता है इसकी मिशाल समीपस्थ ग्राम ढुरसुरू ग्राम में छींदधाम के लिये पैदल यात्रा पर निकले हुये भक्तों में देखने मिल रही है। बताया जाता है कि ग्राम दुरसुरु स्थित ऐतिहासिक राम जानकी मंदिर से एक विशाल पद यात्रा का आयोजन किया गया। यह पद यात्रा नर्मदांचल के सिद्ध क्षेत्र छींद धाम के लिए रवाना हुई, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालु शामिल है। श्रद्धालुओं ने जय श्री राम और हनुमान जी के जयकारों के साथ अपनी यात्रा आरंभ की, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। वही हनुमान भक्तों की पैदल यात्रा का जत्था जब बीते हुये शुक्रवार की दोपहर गाडरवारा शहर से गुजरा तो लोगों ने जहां तहां भव्य स्वागत किया गया। वही दूसरी ओर इस पैदल यात्रा में चल रहे अंजनी पुत्र के भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। यह यात्रा गाडरवारा से होते हुए साँईखेडा और उदयपुरा जैसे प्रमुख स्थानों से गुजरते हुये आगे की ओर बढ़ेगी। वही यात्रा का समापन छींदधाम पहुचने के बाद विशाल भंडारे के साथ होगा। यह पद यात्रा न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है।

## जैन समुदाय द्वारा संत शिरोमणि तारण तरण जयंती के अवसर पर निकाली भव्य शोभा यात्रा



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** स्थानीय श्री दिगम्बर जैन समाज के आचार्य प्रवर संत शिरोमणि श्री तारण तरण मण्डलाचार्य महाराज की जयंती प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी स्थानीय जैन समुदाय द्वारा बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर तारण जयंती की पूर्व रात्रि में मन्दिर जी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही तारण जयंती के दिन श्री तारण तरण दिगम्बर जैन चैत्यालय जी में सुबह पूर्ण भक्ति भाव के साथ मंदिर विधि का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस आयोजन में पुरूष एवं महिला वर्ग ने सामूहिक रूप से आचार्य प्रवर संत तारण तरण द्वारा रचित चौदह ग्रन्थों में से श्री मालरोहण ग्रन्थ जी, श्री पंडित पूजा ग्रन्थ जी तथा श्री कमल बत्तीसी ग्रन्थ जी का पाठ किया गया। वही संत शिरोमणि आचार्य प्रवर तारण तरण जी की जयंती को उनका जन्मोत्सव बनाने के लिये श्री तारण तरण चैत्यालय जी में आकर्षक ढंग से सजाये गये झूला में आचार्य प्रवर संत शिरोमणि तारण तरण महाराज द्वारा रचित ग्रन्थों में से आध्यत्म वाणी ग्रन्थ को विराजा गया और सभी ने बारी बारी से झूले को झुलाते हुये आराधना की गई। ततपश्चात मन्दिर में उपस्थित लोग सरकारी अस्पताल पहुंचे जहां रोगियों को भोजन वितरण किया गया। दोपहर में श्री तारण तरण जयंती के अवसर पर श्री तारण तरण जैन चैत्यालय जी में चांदी से बनी पालकी जी को सजाया गया और उसमें संत शिरोमणि तारण तरण महाराज द्वारा रचित आध्यत्म वाणी ग्रन्थ को विराज कर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो शहर के प्रमुख मार्गों में शहर के हृदय स्थल झंडा चौक से होते हुये बड़ा सराफा से निकलकर पुरानी गल्लामंडी, सब्जी बाजार से शिवालय चौक मार्ग से निकलकर शक्ति चौक, महावीर भवन, चावड़ी मार्ग से होते हुये पुराना सेंट्रल बैंक वाले मार्ग से निकलते हुये श्री तारण तरण दिगम्बर जैन चैत्यालय जी पहुंची जहां पालकी जी में विराजित आध्यात्म वाणी ग्रन्थ की आरती की गई तथा आध्यात्म वाणी ग्रन्थ को पुनः वेदी पर आस्ताप किया गया।

## चोर बरहटा में हुई दो पक्षों के बीच मारपीट पुलिस ने किया काउन्टर मामला दर्ज



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** लोग पुरानी बुराई को अपने दिलों में इस तरह बैठा लेते है जो आये दिन विवाद की स्थिति बनाने से नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम चोर बरहटा में देखने मिली है। जहां पर पुरानी बुराई के चलते दो पक्षों में मारपीट होने पर पुलिस द्वारा काउन्टर मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम चोर बरहटा निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मैं और मढोली कहार मोटर साईकिल से खेत जा रहे थे। वही मेरा भाई मुकेश राठौर एवं उत्तम राठौर खिरना में रोटरवेटर से मिट्टी निकाल रहे थे। जैसे ही मैं खिरना के समाने पहुँचा तो वही गाँव का यंशवंत राठौर मिला और पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब उसे गालिया देने से मना किया तो यंशवंत ने लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई और हम गाड़ी छोडकर खिरका की ओर भाग गये। वहां पर मुकेश पहले से खड़ा था और वहां पर यशवंत, सूरज औऱ लड़की पीछे से आ गये और मुकेश के साथ सभी ने मिलकर मारपीट की गई। इसी दौरान किसी ने प्रार्थी के घर फोन से जानकारी देने के चलते प्रार्थी के पिता मोकम व माँ तथा भतीजा आकाश आकर बीच बचाव करने लगे तो यशवंत, नारायण तथा राम सिंह द्वारा उनके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने क धमकी दी गई। वही दूसरी पक्ष की ओर से की गई शिकायत में बताया गया है कि प्रार्थी जब घर से अपना ट्रेक्टर लेकर निकल रहा था। उसी दौरान गांव के मुकेश राठौर एवं परषोत्तम राठौर अपने घर के सामने मंदिर के पास खडे मिले और पुरानी बुराई के चलते गंदी गालिया देने लगे। प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो मुकेश राठौर ने मुझे कुल्हाडी मारते हुये चोट पहुंचाई व परषोत्तम राठौर मुझसे झूमा झटकी करने लगा। इस दौरान आवाज सुनकर प्रार्थी का भाई हरनारायण एवं मझला भाई रामसिंह राठौर बीच बचाव करने लगा तो परषोत्तम राठौर एवं आकाश राठौर सहित एक महिला लाठी लेकर आये रामसिंह व हरनाराण के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाने के साथ जान से मारने की धमकी दी गई। इस तरह हुये विवाद के चलते पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउन्टर मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## कागजों में दबकर समाप्त हो जाती है शासन की अनेक योजनाएं, नहीं मिल पाता है हितग्राहियों को लाभ

**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।** राज्य और केन्द्र शासन ने प्रदेश के विकास हेतु कई कल्याण कार्ययोजनाएं जनता के हितार्थ बना दी है कि उनकों अमलीजामा पहनाना संदिग्ध हो चला है, योजनाओं का कितना क्रियान्वयन हुआ है और क्या उसमें कमी है, इसकी सूक्ष्मता से जांच जरूरी है? क्योंकि कागजी आंकड़ों मे योजनाओं को सफल बता दिया जाता है, इसके लिए जिम्मेदार होते है नौकरशाह और अफसरशाही वर्ग जो कि नेताओं को गुमराह कर योजनाओं को नीतियों को सफल क्रियान्वयन होना तो बता देते है। परंतु नतीजा शून्य ही होता हुआ दिखाई देने से नही चूकता है..? इस तरह शासन द्वारा आम लोगों के हितों को ध्यान रखते हुये योजनाओं की झड़ी लगा दी परंतु योजनाओं की परिणति क्या हुई होगी। इसका अंदाजा पूर्व से लेकर अब तक ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधि बने बैठे पार्टी के हम दर्दियों द्वारा ही प्रदेश के मुखिया की योजनाओं को किस प्रकार से क्रियान्वयन किया जा रहा है जो मात्र कागजों में तो दिखाई दे रही है..? इसकी सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चीचली सहित सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली अनेक पंचायतों में देखने मिली सकती है। जहां पर कागजो पर तो पंचायत में विकास कार्यो की गाड़ी पूरी तप्तार से दौड़ रही है, मगर सच्चाई कुछ और ही है? क्योंकि देखा जा रहा है कि प्रदेश मे पंचायतीराज, भ्रष्टाचार इर्ष्याद्वेष एवं भाई भतीजावाद के आधार पर चल रहा है,? पंचायतों के माध्यम से जिन योजनाओं के कार्य सौंपे जाते है उनमे सही एवं पात्र लोगों को लाभ न मिलकर अन्य लोगों को इसका लाभ मिल जाता है? जिन पंचायतों मे आदिवासी सरपंच है एवं महिला सरपंच है उनके कर्ताधर्ता उप सरपंच या सचिव होते है जो सामान्य या अन्य वर्ग के होते है जो भाई भतीजावाद के आधार पर सरपंच को गुमराह कर शासन की राशि पर पलीता लगाते रहते है? शासन को उक्त समस्त योजनाओं की पुनः खोज खबर लेनी होगी ताकि प्रदेश सरकार को अपनी महत्ता के साथ साथ अपनी ही पार्टी के पंचायत स्तर पर बैठे जनप्रतिनिधियों की पंचायतों की जांच करना जरूरी है, क्योंकि देखा जाता है कि अक्सर पार्टी के लोग ही अपने नेता को मलाई खाने के चक्कर में बर्बाद कर देते है? जबकि इसमें बड़े नेता का कही कोई दोष नही होता है, मगर अपने ही चम्मचों के कारण कढ़ाई को परेशानी झेलनी पड़ती है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने किया ईवीएम गोदाम का निरीक्षण

डिंडौरी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम गोदाम का मासिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जे.पी. यादव, जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार, राकेश अवधिया सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

दौरान कलेक्टर ने ईवीएम एवं व्हीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सील, सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा पंजी सहित सभी व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं दुरुस्त पाई गईं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सुरक्षा में तैनात कर्मियों को निर्देश दिए कि वे ईवीएम और व्हीवीपैट मशीनों की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें तथा अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूरी मुस्तैदी एवं सतर्कता के साथ करें।इस दौरान निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### "पंखिनी – सपने को दो पंख" नवाचार के अंतर्गत गाड़ासरई महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



डिंडौरी। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में जिलेभर में "पंखिनी – सपने को दो पंख" नवाचार के अंतर्गत बालिकाओं को निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग से जोड़ने हेतु व्यापक जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। यह विशेष पहल जनजातीय क्षेत्रों की बालिकाओं को सरकारी सेवाओं में अधिक अवसर प्रदान कर उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है इसी क्रम में शासकीय महाविद्यालय गाड़ासरई में छात्राओं के बीच पंखिनी नवाचार की विस्तृत जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में ऑनलाइन पंजीयन हेतु गूगल फॉर्म भरने की प्रक्रिया को सरल और सहज तरीके से समझाया गया, ताकि छात्राएँ बिना किसी कठिनाई के इस निःशुल्क कोचिंग सुविधा का लाभ ले सकें। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के महत्वपूर्ण प्रावधानों से भी अवगत कराया गया। साथ ही सभी छात्राओं को बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलाई गई, जिससे वे न केवल स्वयं जागरूक हों बल्कि समाज में भी इस कुप्रथा के प्रति जागरूकता फैलाने में योगदान दे सकें।जिले में पंखिनी नवाचार बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य निर्माण का सशक्त माध्यम बनता जा रहा है।

### बजाग विकासखंड मे आत्मा परियोजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न



डिंडौरी। डिंडौरी जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आत्मा परियोजना, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के द्वारा ग्राम पंचायत गीधा, विकासखंड बजाग में कृषक पाठशाला सह प्राकृतिक खेती जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों ने प्राकृतिक कृषि पद्धति, मृदा स्वास्थ एवं जैविक खाद के महत्व को विस्तार से समझा। मृदा परीक्षण प्रयोगशाला डिंडौरी से आए विशेषज्ञ जगदीश बिसेन ने किसानों को मृदा नमूना लेने की वैज्ञानिक विधि, मृदा परीक्षण के बाद पोषक तत्वों के अनुसार जैविक खाद के उपयोग तथा जैविक खाद निर्माण की प्रक्रिया को सरल तरीके से समझाया। उन्होंने बताया कि स्वस्थ मिट्टी ही प्राकृतिक खेती की मजबूत नींव है। आत्मा परियोजना के BTM अशोक कुमार कोरी ने किसानों को प्राकृतिक खेती की अवधारणा, इसके लाभ एवं भविष्य में संभावनाओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बीज उपचार हेतु बीजामृत, भूमि उर्वरता बढ़ाने के लिए जीवामृत, तथा प्राकृतिक कीट नियंत्रण हेतु देसी विधियों से जैविक कीटनाशक बनाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। किसानों को इन प्राकृतिक उत्पादों के प्रयोग एवं लाभ की विस्तृत जानकारी दी गई।

## सीएम राइज स्कूल (सांदीपनि विद्यालय) शहपुरा में करियर गाइडेंस शिविर का आयोजन

**छात्राओं को बैंकिंग, अकाउंटिंग, सीए परीक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों की मिली जानकारी**

शहपुरा /डिण्डौरी





शिक्षा परिसर शुक्रवार की सुबह जैसे किसी नई ऊर्जा से भरा हुआ था। सीएम राइज स्कूल (सांदीपनि विद्यालय) शहपुरा में करियर गाइडेंस शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य हायर सेकंडरी में अध्ययनरत छात्राओं को भविष्य की विविध संभावनाओं से परिचित कराना था। कार्यक्रम में छात्राओं की उपस्थिति उत्साह और जिज्ञासा से भरी दिखाई दी, मानो हर मन यह जानने को तैयार था कि पढ़ाई के बाद दुनिया के कौन–कौन से दरवाज़े खुल सकते हैं।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता चार्टर्ड अकाउंटेंट आदित्य पारवानी थे, जिन्होंने वित्तीय जगत के बहुआयामी पक्षों को छात्राओं के सामने सरल भाषा में रखा। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र के वर्तमान स्वरूप, उसकी परीक्षाओं, भर्ती प्रक्रिया, आवश्यक कौशल और उसमें उपलब्ध कैरियर सीढ़ियों के बारे में विस्तार से बताया।इसके साथ ही उन्होंने अकाउंटिंग क्षेत्र में बढ़ती संभावनाओं, डिजिटल फाइनेंस, जीएसटी और कॉरपोरेट अकाउंटिंग जैसे विषयों पर भी प्रकाश डाला।सीए पारवानी ने छात्राओं को सीए परीक्षा की संरचना, तीनों स्तरों—फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल—के कठिनाई स्तर, तैयारी की रणनीति, समय प्रबंधन और अनुशासन के महत्व के बारे में भी विस्तारपूर्वक समझाया। छात्राओं ने उनसे कई प्रश्न पूछे—कुछ बैंकिंग के वेतनमान पर, कुछ सीए की पढ़ाई के दौरान आने वाली चुनौतियों पर, और कुछ इस बात पर कि विज्ञान या कला विषय से आने वाले छात्र इनमें कैसे प्रवेश पा सकते हैं। पारवानी ने प्रत्येक प्रश्न का धैर्य और स्पष्टता से उत्तर दिया। विद्यालय के प्राचार्य यशवंत कुमार साहू, जनशिक्षक अश्वनी कुमार साहू और शिक्षक श्याम झारिया भी कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मार्गदर्शन शिविर छात्राओं के लिए दिशा–निर्देशक दीपक की तरह काम करते हैं, क्योंकि ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में कई बार प्रतिभा तो प्रचुर मात्रा में होती है, परंतु जानकारी के अभाव में उसका पूरा उपयोग नहीं हो पाता। कार्यक्रम के दौरान कई छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए और कहा कि उन्हें पहली बार यह समझ आया कि बैंकिंग, अकाउंटिंग और चार्टर्ड अकाउंटेंसी जैसे क्षेत्रों में किस प्रकार अवसर मौजूद हैं। शिविर का वातावरण अंत तक सीखने, प्रश्न पूछने और भविष्य को बेहतर ढंग से समझने की भावना से भरा रहा। शिविर के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सीए आदित्य पारवानी का आभार व्यक्त किया और आशा जताई कि आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे, ताकि छात्राएँ समय रहते सही जानकारी और मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें।

## कृषि विभाग ने आयोजित किया किसान संगोष्ठी



अमरपुर। सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्टेंशन आत्मा एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा ब्लॉक मुख्यालय अमरपुर के आजीविका प्रांगण में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे ब्लॉक से भारी संख्या में किसान, कृषि सखी, जनप्रतिनिधि सम्मिलित होकर आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान किया गया। जहां सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजन अर्चन में स्थानीय सरपंच रामनाथ उद्दे, जनपद सदस्य रामकिशोर ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष आकाश नामदेव, सरपंच अलोनी गजेंद्र ठाकुर द्वारा शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम किसानों द्वारा किए जा रहे खेती के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें किसानों ने खाद बीज की उपलब्धता एवं बिजली आपूर्ति एवं मुख्यमंत्री के घोषणा अनुसार सस्ते दर पर विद्युत विभाग अस्थाई कनेक्शन उपलब्ध कराएं जाने की बात कही गई। सुशीला धुर्वे कृषि सखी जो जैविक खाद्य निर्माण कर रही हैं, अपने उपयोग के साथ दूसरे किसानों को भी उपलब्ध करा रही हैं। जैविक खाद बनाने की विधि भी किसानों के साथ साझा किया गया। तारा भवेदी, गया सिंह साण्डया, परमू मरावी, सुधु सिंह आदि किसानों ने अपने खेती के तरीके बताएं। डॉक्टर गीता सिंह कृषि वैज्ञानिक द्वारा आधुनिक एवं परंपरागत खेती के साथ जैविक खेती पर अधिक जोर देते हुए उससे होने वाले फायदे से भी अवगत कराया गया। कीट प्रबंधन पर भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। नेहा धूपिया सहायक संचालक द्वारा वर्मी कम्पोस्ट एवं खेती से अधिक लाभ अर्जन करने का सुझाव किसानों को दिया गया। जगदीश बिसेन द्वारा मिट्टी परीक्षण का तरीका किस प्रकार अपने खेत से मिट्टी इकट्ठा कर परीक्षण केंद्र में भेजा जाना हैं। जिसका परिणाम कार्ड 15 दिनों में किसानों उपलब्ध करा दिया जाएगा। पहले जिले में एक ही मृदा परीक्षण केंद्र था। जोकि अब प्रत्येक ब्लॉक में यह सुविधा विभाग द्वारा उपलब्ध करा दिया गया हैं। सभा का संचालन एम एस परस्ते वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा किया गया। विभाग के एम सी बछेल प्रभारी ब्लॉक समन्वयक आत्मा, रोहिणी साल्वे, दीपा कुलेश, समीक्षा पाठक, वीरू अजनारे कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।

## गीता जयंती एवं विक्रमोत्सव की तैयारी हेतु समीक्षा बैठक सम्पन्न



डिंडौरी। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गीता जयंती एवं विक्रमोत्सव के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, अपर कलेक्टर जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव, जिला शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने गीता जयंती एवं विक्रमोत्सव कार्यक्रम आयोजन हेतु जिलास्तर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिण्डौरी एवं विकासखंड स्तर पर सांदिपनि विद्यालयों में 1 दिसम्बर से गीता जयंती एवं विक्रमोत्सव के अंतर्गत विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बच्चों में सांस्कृतिक व आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाने के लिए पाठन, रंगोली, भाषण प्रतियोगिता एवं अन्य गतिविधियाँ कराई जाएँगी।1 दिसम्बर 2025 को जिले में ब्लॉक स्तर पर 500 एवं जिला स्तरीय 1100 गीता पाठकों की सहभागिता के साथ वृहद गीता पाठ प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

गीता जयंती के अवसर पर विद्यालयों और प्रमुख स्थलों पर दीप सज्जा, स्वच्छता अभियान, प्रभात फेरी, शांति यात्रा एवं विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। युवाओं में आध्यात्मिक ज्ञान का प्रसार करने हेतु व्याख्यान श्रृंखला व सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी होंगी।

विभागीय दायित्व निर्धारण कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु प्रत्येक विभाग को विशेष दायित्व सौंपे गए हैं। जनजातीय कार्य विभाग, नगर परिषद, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग आदि को समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। गीता जयंती एवं विक्रमोत्सव के तहत जिला स्तर पर थीम आधारित गौ एवं गौपाल आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। बैठक में अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि सभी कार्यक्रमों का व्यापक प्रसार-प्रचार किया जाए ताकि अधिक से अधिक नागरिक सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

## शासकीय चन्द्र विजय महाविद्यालय में उमंग हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम आयोजित

**निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम**



डिंडौरी। शासकीय पीएम चंद्र विजय महाविद्यालय में उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडे तथा जिला नोडल अधिकारी (आरकेएसके) एवं डीएचओ-2 डॉ. जयश्री मरावी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एस. के. दुबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. ईश्वर चंद्र परणा द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि परोपकार ही परम धर्म एवं ईश्वर उपासना है, इससे समाज सेवा के साथ आंतरिक प्रसन्नता प्राप्त होती है।

### एनीमिया एवं सिकल सेल पर विशेष सत्र

जिला सिकल सेल नोडल अधिकारी डॉ. मनोज उरैती ने विद्यार्थियों को एनीमिया स्क्रीनिंग, सिकल सेल बीमारी के लक्षण, कारण एवं रोकथाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सिकल सेल एक वंशानुगत बीमारी है, इसलिए विवाह पूर्व सिकल सेल की रिपोर्ट अवश्य मिलानी चाहिए।साथ ही फिजिकल एक्टिविटी, योग एवं व्यायाम की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों की स्क्रीनिंग भी की गई।

उमंग हेल्थ एंड वेलनेस नोडल अधिकारी डॉ. अमीर खान ने कहा कि हर व्यक्ति को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए, क्योंकि जीवन में कभी न कभी सभी को स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कार्यक्रम में सक्रिय योगदान देने की अपील की।जिला किशोर स्वास्थ्य समन्वयक ओमप्रकाश उरैती ने उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम तथा उमंग युवा शक्ति मिशन 2024 के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

परामर्शदाता नविता पटेल ने उमंग स्वास्थ्य क्लिनिक के अंतर्गत उपलब्ध 14 प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्रदान की।उन्होंने विद्यार्थियों को पोषण, मनहित ऐप, टेली मानस हेल्पलाइन 14416, उमंग हेल्पलाइन 14425 तथा जस्ट आस्क चैटबॉट के बारे में भी अवगत कराया।कार्यक्रम में आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋषिकेश सिंह, डॉ. हर्षवर्धन सिंह, डॉ. त्रिवेणी धुर्वे, सीएचओ जानकी चंद्रा एवं पूजा द्विवेदी द्वारा छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।कार्यक्रम की सफलता में परामर्शदाता नेहा पटेल, गौरी शंकर बर्मन, मास्टर ट्रेनर प्रशांत बनवासी, सुप्रिया चंदेल एवं तरुण का विशेष सहयोग रहा।

## बोरी बंधान अभियान के तहत दो स्थानों पर किया गया जल संचयन कार्य

डिंडौरी।



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड शहपुरा द्वारा जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु 'जल संचय बोरी बंधान अभियान' के तहत विभिन्न ग्रामों में प्रभावी गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में कसहा नदी, पटपरिहा घाट बरोदा तथा ग्राम चटूवामॉल में बोरी बंधान का कार्य जनसहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### कसहा नदी, पटपरिहा घाट बरोदा में 30 बोरियों का बंधान

जल संचयन कार्यक्रम के अंतर्गत कसहा नदी स्थित पटपरिहा घाट बरोदा में 30 बोरियों का बंधान कार्य किया गया। इससे न केवल कृषि सिंचाई एवं ग्रामीणों के दैनिक उपयोग में पानी उपलब्ध होगा, बल्कि वन्यजीवों को भी गर्मी के मौसम में जल स्त्रोत प्राप्त हो सकेगा।यह कार्य जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान के मार्गदर्शन में तथा विकासखंड समन्वयक डॉ. नीलेशवरी वैश्य, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष सियाराम झारिया, छात्र सुमंत झारिया, ब्रजेश झारिया एवं नवांकुर संस्था प्रभारी डुमारी चक्रवर्ती की उपस्थिति में पूर्ण हुआ।

ग्राम चटूवामॉल में खेरवा टोला नाला स्थित चैक डैम में मिट्टी से भरी बोरियों के माध्यम से पानी रोकने का कार्य किया गया। इससे मवेशियों, पशु-पक्षियों एवं किसानों की फसलों की सिंचाई हेतु महत्वपूर्ण जल उपलब्ध रहेगा।इस कार्यक्रम में म.प्र. जन अभियान परिषद डिंडोरी से जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान, विकासखंड समन्वयक गणेश राजपूत, क्षेत्रीय जनपद सदस्य श्री संतोष चंदेल, ग्राम सरपंच रामनरेश, नवांकुर संस्था जन जीवन कल्याण समिति बिछिया से अरुण चंदेल, मेंटर रघुनाथ चंदेल, CMCLDP स्टूडेंट्स श्रीमती ज्योति चंदेल MSW 1year, मोहित चंदेल BSW 1year सहित ग्रामवासी मनोहर चंदेल, रमेश चंदेल, टीकाराम चंदेल एवं अन्य ग्रामीण सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।दोनों स्थानों पर किया गया बोरी बंधान कार्य पूर्णतः जनसहयोग एवं स्वैच्छिकता पर आधारित रहा, जो ग्रामीण क्षेत्र में जल संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

## अमरपुर के सांदीपनि स्कूल प्रकरण में आरोपी शिक्षक को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर किया गिरफ्तार



डिंडौरी। सांदीपनि स्कूल, अमरपुर की छात्राओं के साथ आपत्तिजनक चैट करने और मिलने का दबाव बनाने वाले शिक्षक के विरुद्ध दर्ज प्रकरण में डिंडौरी पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।दिनांक 24/11/2025 को पीड़ित छात्राओं द्वारा थाना डिंडौरी में अपराध क्रमांक 385/25 पंजीबद्ध कराया गया था, जिसमें आरोपी शिक्षक प्रशांत साहू एवं स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध धारा 78(1), 78(2), 79 BNS तथा धारा 11(iv), 12 पोक्सो एक्ट के तहत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया था।घटना के विरोध में दिनांक 27/11/2025 को अमरपुर के व्यापारियों ने बाजार बंद कर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग उठाई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डिंडौरी द्वारा अमरपुर चौकी प्रभारी को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए।निर्देश प्राप्त होते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा, एसडीओपी बजाग विवेक कुमार गौतम एवं थाना प्रभारी समनापुर हरिशंकर तिवारी के मार्गदर्शन में अमरपुर पुलिस द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई। चौकी प्रभारी अतुल हरदहा के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी विश्लेषण और सतत प्रयासों के आधार पर कम समय में आरोपी शिक्षक प्रशांत साहू को गिरफ्तार कर लिया।डिंडौरी पुलिस की इस त्वरित, संवेदनशील एवं प्रभावी कार्रवाई की क्षेत्र के ग्रामीणों, अभिभावकों और व्यापारियों द्वारा खुले रूप से प्रशंसा की जा रही है।

कार्रवाई में चौकी प्रभारी अतुल हरदहा, प्रधान आरक्षक हरे सिंह (221), आरक्षक भाव प्रकाश (170) तथा सायबर सेल से प्रधान आरक्षक मुकेश प्रधान की भूमिका सराहनीय रही।

## कृषि अभियांत्रिकी विभाग ने कराया सुपर सीडर एवं हैप्पी सीडर का उठाव

डिंडौरी।



जिले में आधुनिक कृषि उपकरणों को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा ज़ीरो टिलेज आधारित उन्नत कृषि यंत्रों—सुपर सीडर, हैप्पी सीडर एवं स्मार्ट सीड ड्रिल—के लिए कुल 10 कृषकों ने पंजीकरण कराया था। इनमें से शहपुरा विकासखंड के ग्राम बरगांव के किसान यतेंद्र कुमार साहू को सुपर सीडर के लिए अनुदान स्वीकृत हुआ है। वे जिले के प्रथम लाभार्थी बने हैं और रबी सीजन में नरवाई जलाए बिना गेहूं एवं चना की बुवाई कर रहे हैं।

### किसान को मिला 2.80 लाख का सुपर सीडर, 1.20 लाख का अनुदान

जिले में नौ किसानों ने सुपर सीडर और एक किसान ने हैप्पी सीडर हेतु पंजीकरण कराया था। चयनित किसान को 2 लाख 80 हजार रुपए कीमत वाला सुपर सीडर उपलब्ध कराया जा रहा है, जिस पर शासन द्वारा 1 लाख 20 हजार रुपए का अनुदान स्वीकृत किया गया है

सुपर सीडर से बुवाई करने पर पारंपरिक खेती की दो जुताइयों की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। इससे न केवल समय और लागत की बचत होती है, बल्कि एक सिंचाई और लगभग 25 किलो चने के बीज की भी बचत होती है। प्रति हेक्टेयर 10 से 12 हजार रुपए तक की सीधी आर्थिक बचत किसानों को मिल रही है। यह मशीन बीज एवं खाद को समान दूरी पर गिराती है, जिससे पौधों की संख्या संतुलित रहती है और जमाव की दर लगभग पूर्ण होती है। परिणामस्वरूप फसल की बढ़वार पहले की तुलना में अधिक समान एवं मजबूत होती है। सुपर सीडर जुताई और बुवाई दोनों कार्य एक साथ कर मिट्टी की नमी को सुरक्षित रखता है, जिससे उत्पादन क्षमता में वृद्धि होती है। उप संचालक कृषि ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे सुपर सीडर, स्मार्ट सीड ड्रिल एवं अन्य आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग कर जल, बीज और खाद की बचत के साथ उत्पादन बढ़ाएं तथा फसल अवशेष जलाने से होने वाले पर्यावरणीय दुष्प्रभाव से भी बचें।

## उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा राज्य पोषित कृषक प्रशिक्षण सह-भ्रमण कार्यक्रम संपन्न

डिंडौरी।



उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा राज्य पोषित कृषक प्रशिक्षण सह-भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन शासकीय संजय निकुंज नर्सरी डिंडौरी में किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकासखंडों करंजिया, समनापुर, बजाग, अमरपुर एवं डिंडौरी से आए किसानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते तथा विशेष अतिथि यातायात थाना प्रभारी सुभाष उइके रहे। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. रेनू पाठक, डॉ. अवधेश पटेल, डॉ. श्वेता मसराम, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रपाल, सहायक संचालक, जिला उद्यान, ने की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि रूद्रेश परस्ते ने उद्यानिकी विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं अवसरों की जानकारी देते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण किसानों को जूस, जाम, अचार निर्माण, खाद्य पदार्थों की पैकिंग, ब्रांडिंग तथा छोटे पैमाने पर घरेलू उद्योग स्थापित करने में अत्यंत सहायक हैं। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा समय-समय पर ऐसे उपयोगी प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे किसान अपने उत्पादन में मूल्य संवर्धन कर अधिक आय अर्जित कर सकें।

कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने किसानों को पौधों की कटिंग, रोपण तकनीक, फल एवं सब्जी उत्पादन, संरक्षण तकनीक, स्थानीय खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों का प्रायोगिक अवलोकन, उत्पादों की गुणवत्ता जांच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। किसानों ने प्रसंस्करण इकाइयों का भ्रमण कर विभिन्न तकनीकों को प्रत्यक्ष रूप से देखा तथा इसे अत्यंत उपयोगी बताया। कृषि विशेषज्ञ डॉ. रेनू पाठक ने किसानों को मृदा परीक्षण, लघु फसलों के संस्करण, सब्जी प्रसंस्करण जैसे टमाटर केचप, टमाटर पाउडर, मिर्च पाउडर, करेला अचार, केला जूस, हल्दी धनिया पाउडर, मसाला उत्पादन, पापड़, नमकीन, कुरकुरे, टोस्ट, साबूदाना उद्योग इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत 35 प्रतिशत अनुदान एवं 3 प्रतिशत ब्याजमाफी की जानकारी भी दी। डॉ. अवधेश पटेल ने रबी सीजन की सब्जियों एवं उद्यानिकी फसलों की जानकारी देते हुए उपयुक्त तकनीकों पर मार्गदर्शन दिया। डॉ. श्वेता मसराम ने उद्यानिकी फसलों, नर्सरी प्रबंधन तथा दलहन एवं तिलहन उत्पादन की वैज्ञानिक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान यातायात थाना प्रभारी सुभाष उइके ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वाहन सुरक्षित चलाएं, नशा न करें, यातायात नियमों का पालन करें एवं अपने परिवार तथा समाज को भी इसके प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम मां नर्मदा गांव सेवा समिति के सहयोग से 26 नवम्बर 2025 को संजय निकुंज डिंडौरी एवं 27 नवम्बर 2025 को संजय निकुंज करौंदी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष विनय पाराशर, प्रिया पाराशर, रेखा कुशवाहा, कुंती गौतम, नंदकिशोर ठाकुर, सुरेंद्र राजपूत, जन अभियान परिषद से धर्मेंद्र चौहान जिला समन्वयक, वंदना विश्वकर्मा सहित कई अधिकारी एवं कृषकगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### दो चाकूबाजों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस न्यायालय विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अमित रंजन समाधिया के न्यायालय द्वारा आरोपी कृष्णकांत पटेल पिता स्व. त्रिभुवन पटेल, उम्र 33 वर्ष, निवासी मवेशी बाजार वार्ड नं. 11, पनागर, जिला जबलपुर रवि शर्मा पिता सोनेलाल शर्मा, उम्र 30 वर्ष, निवासी सिलोडी, थाना ढीमरखेड़ा, जिला कटनी म.प्र. को हत्या के आरोप में दोषसिद्ध पाये जाने पर पृथक पृथक से दोनों आरोपियों को धारा 324 सहपठित धारा 34 भा.द.वि. में 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500-500-रूपये के अर्थदंड एवं धारा 302 सहपठित धारा 34 भा.द.वि. में दोनों को आजीवन कारावास एवं 1000-1000 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

### कलेक्टर ने की पशुपालन विभाग के योजनाओं व कार्यों की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पशुपालन विभाग के कार्यों, गतिविधियों व योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने दुग्ध सम्पर्क अभियान एनएआईपी, एनएडीसीपी एफएमडी टीकाकरण, संचालित गौशालाओं व केसीसी सहित अन्य विभागीय योजनाओं और 1962 एमव्हीयू की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. एसके ब्रिजपुरिया, एबीपीओ डॉ. एमपी तिवारी, जिले में पदस्थ व्हीईओ व्हीएएस और पशुपालन विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने भारत पशुधन पोर्टल पर 7 दिवस के भीतर शत प्रतिशत ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश दिए। आगामी समय में दुग्ध सम्पर्क अभियान के तहत विस्तृत प्रशिक्षण दिया जावे। विकासखंड स्तर पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण में जनपद स्तरीय एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जावे। उन्होंने कहा कि पशुपालन केसीसी की प्रगति के लिए आगामी माह दिसम्बर में डीएलसीसी की बैठक में विस्तृत समीक्षा की जाएगी। आचार्य विद्यासागर योजनांतर्गत गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जिले की 10 गौशालाओं में समूहों को प्रकरण तैयार करने के लिए प्रेरित किया जावे। कलेक्टर ने अन्य विभागीय योजनाओं के लक्ष्य को समय सीमा में शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## नबाव के आरोपों को पूर्व मंत्री ने बताया निराधार

# राजनैतिक षड़यंत्र मे शामिल है मिल मालिकः जालम सिंह





हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर

जिले के ग्राम बचई में स्थित महाकौशल शुगर मिल प्रतिवर्ष विवादों में रहता है। किसानों द्वारा प्रतिवर्ष शुगर मिल कई तरह के आरोप लगाए जाते है और गन्ना पिराई का सीजन शुरू होते ही महाकौशल शुगर मिल फिर विवादों में आ गया। वही शुगर मिल के संचालक ने जिले की राजनीति में भी हलचल मचा दी। जबकि मूल रूप से विवाद किसान व बजरंगदल के प्रतिनिधि की मारपीट का था लेकिन अब उक्त मामले मे श्रम एवं पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल एवं उनके भाई पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल पर भी आरोप लगाकर हलचल बढ़ा दी। उक्त घटना की चर्चा राजनैतिक गलियारों पर भी गर्म होने लगी है। प्रशासन को चाहिए की मामले की सूक्ष्मता से जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।

### मामला इस प्रकार

महाकौशल शुगर मिल बजरंगदल के कार्यकर्ता व किसान के साथ मारपीट हुई थी जिसे लेकर पीड़ित से मामला दर्ज कराया। जिसे लेकर मिल संचालक द्वारा प्रेसवार्ता कर श्रम एवं पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल एवं उनके भाई पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल तथा राजू शूटर पर आरोप लगाया। जिसे लेकर पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल ने पत्रकारवार्ता कर मिल संचालक नबाव रजा द्वारा लगाए गए आरोपों के निराधार बताते हुए, जांच कराने की बात कही तथा उक्त आरोपों को राजनैतिक षड़यंत्र की बात भी कही गई। श्री पटेल कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जावेगी। अब देखना होगा कि उक्त मामले की प्रशासनिक जांच मे क्या सामने आता है। वही दूसरी ओर शुगर मिल में व्याप्त अनियमित्ताओं पर सुधार होगा या फिर जस के तस रहेंगी।

### राजनीतिक षड़यंत्र के तहत लगे आरोप

पत्रकारों को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल एवं जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने पत्रकार वार्ता में कहा कि महाकौशल शुगर मिल प्रबंधक नवाब रजा द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताते हुए इसे राजनीतिक षडयंत्र बताया इसके साथ ही उन्होंने मीडिया के समक्ष अपनी बात रखते हुए बताया कि पहली बार किसी व्यक्ति ने कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल पर ऐसे आरोप लगाए है जो निराधार है इसके साथ ही यह घटनाक्रम किसी षडयंत्र की ओर इशारा कर रहा है पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं शासन प्रशासन से निवेदन है कि उक्त मामले की निष्पक्ष जांच कर षडयंत्र का पर्दाफाश करें किसी भी व्यक्ति से बात किए बगैर सीधे मीडिया के समक्ष आरोप लगाना गंभीर षड्यंत्र है और में मीडिया के समक्ष यह कह रहा हूं इस मामले की निष्पक्ष जांच हो मेरे एवं भाई साहब के विरूद्ध कोई भी साक्ष्य हो तो सामने जरूर लाना चाहिए अगर कोई भी साक्ष्य नहीं है तो हम इस मामले में कानूनी कार्यवाही हेतु नोटिस देंगे।

### विवादों मे रहती है शुगर मिल

महाकौशल शुगर मिल प्रारंभ से ही विवादित रही है कभी किसानों के भुगतान को लेकर तो कभी गन्ना के मूल्यों को आए दिन विवाद होता है विगत कुछ साल पहले बचई महाकौशल शुगर मिल से सिमी के कार्यकर्ता भी गिरफ्तार हुए है इसके साथ ही शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर अपना एथेनॉल प्लांट बना रहे है जिसका अतिक्रमण हटाने का आदेश भी जारी हो चुका है इसकी बौखलाहट में नवाब रजा अनर्गल आरोप लगा कर इससे बचने की कोशिश कर रहे है। जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल की छवि साफ ओर स्वच्छ रही है लेकिन राजनीतिक षड्यंत्रकरियों का यह घिनौना प्रयास है नवाब रजा पर पुलिस निरीक्षक के पद पर रहते हुए लोकायुक्त की कार्यवाही इनके ऊपर हुई है यह प्रारंभ से ही विवादित रहे है और प्रशासनिक कार्यवाही से बचने निराधार आरोप लगा रहे है।

### शासकीय जमीन पर अतिक्रमण

पत्रकारों को संबोधित करते हुए श्री पटेल द्वारा बताया गया कि मिल संचालक द्वारा ऐथेनॉल प्लांट बनाने के लिए शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया गया। जिस पर प्रशासन द्वारा जांच पड़ताल कर भूमि खाली करने का आदेश भी जारी किया जा चुका है। जिससे बचने के लिए नवाब रजा द्वारा अनर्गल आरोप लगाया जा रहा है। ज्ञात हो कि बीते गन्ना पिराई सीजन के बाद महाकौशल शुगर मिल मे रखी बगस मे आग लगी थी जिसमें मिल संचालक द्वारा लगभग 5-7 करोड़ का नुकसान होना बताया गया था जबकि मिल में लगभग आधे से भी आधी बगस जली थी। विचारणीय यह है कि मिल संचालक के पास 5 करोड़ की बगस थी जबकि उस समय मिल संचालक के उपर किसानों को लगभग दो करोड़ रूपए का भुगतान बकाया था जिसे मिल संचालक बगस बेच कर भी चुका सकता था लेकिन किसानों को परेशान कराना मिल संचालक की नियत पूर्व से रही है। प्रशासन को चाहिए की मिल संचालक की जांचकर ठोस कार्रवाई करे ।

# संविधान दिवस पर किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विगत दिवस मध्य प्रदेश अजाक्स संघ द्वारा संविधान दिवस पर डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्तओं द्वारा संविधान पर विस्तार से विचार रखे और भारतीय संविधान में दिए गए अधिकार एवं कर्तव्यों को देश समाज और जन-जन तक पहुंचाने का एवं भारतीय संविधान को आत्मसात करने का भी वचन लिया। कार्यक्रम में अजाक्स संघ, सामाजिक संगठदव एवं भीम अनुयायियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। संगठन द्वारा नगर निरीक्षक कोतवाली थाना गौरव चाटे को केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता अवार्ड प्राप्त होने जिले में गंभीर अपराधों में उत्कृष्ट विवेचना अपराधियों को सजा दिलाने में अग्रणी को उक्त संविधान दिवस कार्यक्रम के दौरान फूलमाला एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर संभागीय अध्यक्ष रंजीत कुमार चैधरी , हीरालाल जाटव, एम. के. अहिरवार, घनश्याम जाटव, श्याम सिंह चैहान, पुष्पेंद्र अहिरवार, राघवेंद्र अहिरवार, सुरेश अहिरवार, पुरुषोत्तम चैधरी आदि उपस्थित रहे।

### नर्मदा परिक्रमा वासियों को जारी किए जाएंगे परिचय प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। नर्मदा नदी को देवीय जीवनदायिनी मां नर्मदा के रूप में जाना जाता है और उन्हें पूजा भी जाता है। जीवनदायिनी मां नर्मदा की परिक्रमा प्रदेश एवं देश के अनेक श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिवर्ष की जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों के कई परिक्रमा वासियों के पास नर्मदा परिक्रमा वासी होने संबंधी उपयुक्त दस्तावेज न होने से परिक्रमा के रास्ते में अपनी पहचान परिक्रमा वासी के रूप में सिद्ध करने में असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं के निराकरण के लिए शासन ने यह निर्णय लिया है कि ग्राम पंचायतों द्वारा परिक्रमावासियों को प्रमाण पत्र जारी किए जावें। इस प्रक्रिया को संचालित करने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। परिचय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए परिक्रमा वासियों द्वारा सादे कागज पर ग्राम पंचायतों को आवेदन के साथ दो फोटो व एक आईडी प्रूफ प्रस्तुत करना होगा। ग्राम पंचायत द्वारा आवेदन प्राप्त होते ही परिक्रमा वासियों को निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र जारी करना होगा और परिक्रमा वासियों की निर्धारित प्रारूप में एक पंजी संधारित करनी होगी।

# 56650 की नकदी के साथ दो 8 जुआरी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस थाना क्षेत्र करेली पुलिस द्वारा जुंआ खेलते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने जुआरियों से 56,650 नकद तथा ताश के पत्ते एवं अन्य जुआ सामग्री जप्त की गई। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की करेली शुगर मिल के सामने गिन्नू रधुवंशी के कुछ लोग जुआ खेल रहे है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा प्रभावी घेराबंदी की गयी जिसके परिणाम स्वरूप 8 जुआडियों को गिरफ्त में लेने में सफलता प्राप्त हुयी है। जिसमे राम लाल वर्मा निवासी करपगांव, शिवम कौरव निवासी टिकटोली, गोविंद लोधी निवासी शाहपुर, गोपाल विश्वकर्मा निवासी महादेव वार्ड करेली, दिपेश राजपूत निवासी बघुवार, राजेश कौरव निवासी खडई, शिव कुमार विश्वकर्मा निवासी गन्नू रघुवंशी का खेत, कमलेश कहार, निवासी शाहपुर से 56,650 नकद, ताश के पत्ते एवं अन्य जुआ सामग्री जप्त की गई। सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण पंजीवद्ध।

# 5 दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। एकल अभियान अंचल के संच बरमान करेली सिंहपुर डांगीढाना 4 सचों का सामूहिक वर्ग गोपाल भार्गव भवन बरमान में शुभारंभ हुआ जिसमें अंचल से अंचल अध्यक्ष सूर्यप्रकाश स्वामी संगठन की सुख दुख की चिंता करते हुए अपनी बात रखी तत पश्चात अंचल सचिव प्रशांत तिवारी ने एकल अभियान की पंच मुखी शिक्षा से ग्राम का सर्वांगीण विकास कैसे करे सभी कार्यकर्ताओं को समझते हुए अपनी बात रखी। संच बरमान के संरक्षक रामनारायण गब्बू सोनी द्वारा सभी आचार्यों को एक दीपक की भांति समझाया कि दीपक स्वयं जलकर दूसरों को उजाला देता है उसी प्रकार जो आप यहां से सीख के जाते है बो अपने बच्चों को सिखाए संच समिति अध्यक्ष हेमेंद्र शुक्ला द्वारा सभी आचार्यों को मार्गदर्शन करते हुए वर्ग की बधाई दी तत पश्चात संच उपध्यक्ष अयोध्या प्रसाद संस्कार शिक्षा के संपूर्ण विषय पर प्रकाश डाला संच कोषाध्यक्ष नरेश पांडे द्वारा सभी कार्यकर्ताओं का मनौवल बढ़ाते हुए वर्ग की शुभकामनाएं दी गईं संच सदस्य दिनेश दुबे द्वारा सभी आचार्यों को उत्साहित करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी गई महिला समिति संच सचिव श्रीमति डॉ. रंजना पटेल दीदी द्वारा आरोग्य विषय पर सभी आचार्य स्वस्थ रहें तंदुरुस्त रहे इस पर चर्चा की अंचल अभियान प्रमुख द्वारका प्रसाद द्वारा मंच संचालन करते हुए वर्ग का शुभारंभ किया अंचल प्रशिक्षक प्रमुख जगदीश द्वारा वर्ग का व्रत दिया गया की वर्ग में उपस्थित संच प्रमुख राकेश लोधी ब्रजेश मेहरा सीताराम नोरिया गोविंद नौरिया संच व्यास राकेश कुमार ढाकरे व समस्त आचार्य उपस्थित रहे।

### वालीबाल के सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ



तेंदूखेड़ा। विगत दिवस तेंदूखेड़ा के नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मिनी स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ क्षेत्रीय सांसद चौधरी दर्शन सिंह एवं विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल की उपस्थिति में किया गया।इस मौके पर सांसद एवं विधायक ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यह खेल प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं बल्कि युवाओं में आत्मविश्वास अनुशासन सहयोग और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करने का माध्यम है। सांसद खेल महोत्सव का उद्धेश्य प्रत्येक गांव और प्रत्येक ब्लॉक में खेल संस्कृति को मजबूती देना है। खेलों से जुड़े युवा न केवल अपने शरीर और मन को मजबूत बनाते हैं बल्कि समाज और प्रदेश को सकारात्मक दिशा देने में भी योगदान देते हैं। प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शी सोच का प्रत्यक्ष स्वरूप है। जिन्होंने देश के युवाओं में ऊर्जा अनुशासन आत्मविश्वास और राष्ट्रीय भावना को जगाने के लिए खेल को एक जनांदोलन बनाया है। शुभारंभ अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक उपाध्यक्ष राहुल कौरव राजेंद्र ठाकुर जी धर्वेंद्र राजपूत नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु प्रसाद शर्मा संतोष पटेल डालचंद पटेल मोहर कांत गुर्जर शिवदयाल खेरोनिया राव शैलेश सिंह जी पुरुषोत्तम पटेल चंद्रभूषण पटेल महिष मोदी रूपम मनकेडी वाले मुकेश पुजारी मंडल अध्यक्ष सोनू महाराज एड गगन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में खेल अधिकारी खिलाड़ी बड़ी संख्या में उपस्थिति रहे।

### पंचमुखी हनुमान मंदिर में सांसद ने किया पूजन



तेंदूखेड़ा विगत दिवस नर्मदा पुरम सांसद माननीय दर्शन सिंह चौधरी ने अपने साथियों के साथ ग्राम उमरपानी में स्थित श्री पंचमुखी हनुमान में पहुंच कर पूजन अर्चन कर दर्शन लाभ लिया।इस मौके पर मठ संस्थापक महंत कमल गिरि महाराज के साथ साथ वृंदावन पटेल महेंद्र पटेल पं ओमप्रकाश दुबे सीताराम पटेल अशोक पटेल प्रमुख रुप से उपस्थित थे। गौरतलब रहे कि यहा पर विगत दिनों 11 दिवसीय हनुमंत साधना अनुष्ठान प्रतिदिन सुबह 8 से 11 बजे एवं शाम 5 से 7 बजे तक हनुमान चालीसा सुन्दरकाण्ड पाठ चल रहा था । यहां पर विराजमान पंचमुखी हनुमान जी महाराज सभी भक्त जन की हर मनोकामना पूरी करत हैं।

### रोमी मालवीय बनी केप्टिन



तेंदूखेड़ा संत मोनी सर्वोदय महिला महाविद्यालय की एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट रोमी मालवीय को एनसीसी डायरेक्टेड द्वारा प्रमोशन देकर कैप्टन का पद दिया गया है। कर्नल दिनेश जायसवाल एवं मेजर कनक लता चोरे के द्वारा रैंक लगाई गई। इस मौके पर एस एम मेघ सिंह अमृत पाल सिंह जी सी आई प्रिया मसीह पुष्पा ठाकुर एवं समस्त टू एम पी गर्ल्स बटालियन जबलपुर उपस्थित रहा। कैप्टन रोमी मालवीय इसका श्रेय अपनी सासू मां श्रीमती सुधा मालवी एवं पति सौरभ मालवीय एवं अपने परिवार को देती है।केप्टन रोमी मालवीय की सफलता पर सभी शुभचिंतकों एवं विद्यालय परिवार द्वारा बधाई प्रेषित की गई है।

### बयोवृद्ध जगदीश प्रसाद सिंगोतिया का निधन



गोटेगांव निःप्र. नगर के प्रतिष्ठित नागरिक आजाद वार्ड कलारी मोहल्ला निवासी दशरथ मोबाइल शाप के संचालक शैलेन्द्र सिगोतिया बमबम एवं निखिल सिगोतिया के पिता श्री जगदीश प्रसाद सिंगोतिया का लगभग 82 वर्ष की आयु उपरांत निधन हो गया।सहज सरल मिलन सार व्यक्तित्व के धनी श्री सिगोतिया के निधन समाचार के प्राप्त होते ही परिवार व शुभ चितकों में गहरा शोक व्याप्त होगया।अंतिम संस्कार शवयात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगो सहित। विभिन्न राजनैतिक सामाजिक संगठनों के जन प्रतिनिधियों ने शामिल होकर दिवंगत श्री सिगोतिया की ब्रम्हलीन आत्मा को अपनी ओर से श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवारको गहन दुख सहन करने ईश्वर से प्रार्थना की।

# नाबालिग फर्राटे से वाहन दौड़ाकर दे रहे हादसो को दावत







गोटेगांव

नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में नाबालिग दे रहे हादसे को दावत देने के साथ ही चल रहे खटारा वाहनों व अप्रशिक्षित चालकों से यात्रा करना काफी कठिन व जान लेवा साबित हो रहा है, इसके बावजूद सब कुछ देखते हुए भी जिम्मेदार मौन धारण किये हुए हैं,प्रबुद्ध लोगों का कहना है कि प्रशासन को शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार है,ना जिम्मेदार को परवाह ना ही परिजनों को इतना ही नहीं प्रशासन भी मौन रहकर किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है

*गोटेगांव के मुख्य मार्गों के साथ ही सम्पर्क मार्गों पर चलने वाले सैकड़ों वाहन खटारा की स्थिति में पहुंच गये हैं,उनका रजिस्ट्रेशन आदि भी फेल हो चुका है जिनमें से कई वाहन तो चलने लायक भी नहीं है बावजूद इसके गाड़ी मालिक अपने फायदे के लिए इसे सड़कों पर दौड़ा रहे हैं,जिससे तकरीबन हर रोज हादसे हो रहे हैं, खास बात यह भी है कि इन मार्गों पर चलने वाले वाहनों के चालकों का लाइसेंस भी जुगाड़ से ही बना है,इन वाहनों के अधिकतम चालक बच्चे व अप्रशिक्षित हैं इस ओर न ही विभाग की नजर है और न ही कोई जिम्मेदार का।कई वाहनों पर नहीं लिखा होता नंबर,औपचारिक तौर पर कभी-कभार सिर्फ दो पहिया गाड़ियों की चेकिंग होती है पुलिस का तर्क है कि चार पहिया व सवारी गाड़ियों के लिये परिवहन विभाग को जांच करने की जिम्मेदारी है बताया जाता हैकि हेलमेट के खिलाफ चला अभियान सिर्फ वसूली तक ही सिमट कर रह गया है,इन वाहनों में से अधिकतर वाहनों पर नम्बर भी नहीं लिखा रहता, फिर भी आज तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी का ध्यान इस तरफ नहीं जा रहा है,इसी वजह से यह वाहन मालिक सस्ते से सस्ते दामों पर खटारा वाहनों को खरीदते हैं तथा कम पैसे में अप्रशिक्षित नौजवानों को चालक के रुप में रख लेते हैं,जिससे अधिक से अधिक फायदा कमाया जा सके,कम उम्र में बच्चे दौड़ा रहे वहां ना ही परिजन कुछ बोलते हैं ना ही जिम्मेदार ध्यान देते हैं कल को कोई बड़ा हादसा अगर हो गया तो आनन-फानन में जिम्मेदार अपना पल्ला झाड़ देने की अपेक्षा जिम्मेदार उचित कार्यवाही कर यह हादसों को रोकने के लिए सार्थक कदम उठाएं जो जनहित की दृष्टि से न्यायोचित होगा*

# बजरंगवार्ड में बनी सड़क का अधूरा टुकड़ा वार्डवासियों के लिए बना मुसीबत

गोटेगांव नरसिंहपुर

खुले चैंबर बड़ी दुर्घटनाओं को दे रहे आमंत्रणअनेकों बार की शिकायत नहीं हुआ समाधान, रोजाना हो रही छुटपुट घटनाएं गोटेगांव स्थानीय रिप्टा मोहल्ला बजरंगवार्ड स्थित बरसों पूर्व नगरीय प्रशासन द्वारा सीसी सड़क निर्माण कराया गया था जिसे ठेकेदार द्वारा सड़क का एक हिस्सा हनुमान मंदिर से किशन लाल खटीक के घर तक अधूरा छोड़ दिया जिससे वार्डवासियों के लिए मुसीबत बना हुआ है साथ ही इसी सड़क पर दो खुले चैंबर भी है जिससे रोजाना स्कूली छात्र-छात्राओं सहित वार्ड वासियों की महिलाओं के साथ-साथ बड़े बुजुर्गों के साथ लगातार छुटपुट घटनाएं भी हो रही हैं यहां पर वार्ड वासियों ने बताया कि यह सीसी सड़क निर्माण वर्षों पूर्व कराया गया था जिसकी शिकायत हम सभी वार्ड वासियों ने मिलकर नगर पालिका में अनेकों बार शिकायत की है लेकिन नगर पालिका द्वारा इस समस्या का समाधान अब तक नहीं कराया गया है जिससे हम सभी वार्ड वासियों को काफी समस्याएं आ रही हैं और यहां पर खुले चेंबर के गढ्ढों में रोजाना आए दिन घटनाएं हो रही हैं, वार्डवासियों ने यहां पर सड़क के अधूरे हिस्से को बनाए जाने के साथ-साथ खुले चैंबरों को पैक कराने की मांग की है साथ ही यह भी कहा कि जल्द से जल्द यहां की समस्या का निराकरण नहीं किया जाता है तो आगामी दिनों में हम सभी मिलकर नरसिंहपुर जिला कलेक्टर जनसुनवाई में अपनी रखेंगे !

### इनका कहना

इंजीनियर छुट्टी पर है जैसे ही आते हैं उस सड़क के टुकड़े को पूर्ण जल्द ही कर दिया जाएगा

**सत्येंद्र शैलवार सीएमओ**
नगरपालिका
गोटेगांव